**महत्वपूर्ण**

# छत्तीसगढ़ विधान सभा

क्रमांक– 34

## पत्रक भाग - दो

## शुक्रवार, दिनांक 21 मार्च 2025 (फाल्गुन 30, 1946)

## माननीय राष्ट्रपति के विधान सभा आगमन पर चल-समारोह


**<u>सोमवार, दिनांक 24 मार्च, 2025</u>**

सोमवार, दिनांक 24 मार्च, 2025 को माननीय राष्ट्रपति महोदया विधान सभा भवन के ''सभा कक्ष'' में पूर्वाह्न 11:36 से 11:53 बजे तक विधान सभा के सदस्यों को सम्बोधित करेंगी।

माननीय राष्ट्रपति महोदया के ''सभा कक्ष'' में आने के पूर्व सभी माननीय सदस्य समूह छाया चित्र (ग्रुप फोटोग्राफी) के तुरंत पश्चात् पूर्वाह्न 11:22 बजे तक ''सभा कक्ष'' में अपना–अपना स्थान ग्रहण करेंगे तथा माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन की प्रतीक्षा करेंगे।

विधान सभा भवन के ''राज्यपाल द्वार'' के समक्ष माननीय राज्यपाल, माननीय अध्यक्ष, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय नेता प्रतिपक्ष,माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं सचिव, विधान सभा माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन की प्रतीक्षा करेंगे तथा माननीय राष्ट्रपति महोदया का स्वागत करेंगे।

माननीय राष्ट्रपति महोदया एवं माननीय राज्यपाल महोदय एवं अन्य निम्नानुसार निर्धारित ''चल–समारोह'' के क्रम में सभा कक्ष में प्रवेश करेंगे :–




क्रमशः ..... 2

1. ''राज्यपाल द्वार'' के समक्ष माननीय राष्ट्रपति महोदया के पहुंचते ही मार्शल द्वारा सभी माननीय सदस्यों को उनके आगमन की सूचना दी जायेगी, ताकि सभी सदस्य अपने–अपने आसन पर अपना स्थान ग्रहण कर सकें।
2. चल समारोह जब सभा कक्ष में प्रवेश करेगा, तब सभा कक्ष में प्रवेश द्वार पर पहुंचते ही चीफ मार्शल माननीय राष्ट्रपति महोदया के आगमन की घोषणा यह कहकर करेगा कि – **''माननीय सदस्यगण माननीय राष्ट्रपति महोदया''**। चीफ मार्शल द्वारा ऐसी घोषणा किये जाने पर सभा कक्ष में उपस्थित समस्त माननीय सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे।
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति के ए.डी.सी. (परिसहाय) एवं राज्यपाल के ए.डी.सी. (परिसहाय), चीफ मार्शल, क्रमशः माननीय राष्ट्रपति, माननीय राज्यपाल एवं माननीय अध्यक्ष के आसंदी पर आसन के पीछे तथा माननीय मुख्यमंत्री, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, सचिव विधान सभा तथा राज्यपाल के सचिव सभा कक्ष में अपना निर्धारित स्थान ग्रहण करेंगे।
4. माननीय राष्ट्रपति के आसंदी की दांयी ओर माननीय राज्यपाल एवं आसंदी की बांयी ओर माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा बैठेंगे।
5. माननीय राष्ट्रपति के सभा कक्ष में प्रवेश से लेकर आसंदी के पास पहुंचने तक समस्त माननीय सदस्य अपने स्थान पर खड़े रहेंगे। आसंदी पर माननीय राष्ट्रपति, माननीय राज्यपाल एवं माननीय अध्यक्ष के अपने आसन पर पहुंचने पर ही दर्शक दीर्घा में उपस्थित पुलिस बैण्ड द्वारा ''राष्ट्रधुन'' बजाई जायेगी।
6. संबोधन के दौरान माननीय सदस्यों से यह अपेक्षा है कि शांति व्यवस्था बनाये रखेंगे तथा किसी प्रकार का प्रश्न या विचार प्रकट नहीं करेंगे।
7. संबोधन एवं सदन के प्रतिपल कार्यक्रम अनुसार सदन से माननीय नेता तथा माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा कृतज्ञता ज्ञापित करने के पश्चात् पुनः ''राष्ट्रधुन'' होगी। पश्चात् माननीय राष्ट्रपति महोदया का पूर्व निर्धारित चल–समारोह के साथ सभा कक्ष से प्रस्थान होगा। इस दौरान भी सभी माननीय सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे।
8. सदन में मोबाईल लेकर आना निषिद्ध है, इसलिये माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सभा कक्ष में मोबाईल लेकर न आयें व उदबोधन कार्यक्रम शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न होने में सहयोग करें।

**दिनेश शर्मा,**
**सचिव,**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा.**